हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

दिनांक : 27 जून 2023

विश्वविद्यालय के पत्रांक : Committee Cell (BOS-Hindi)/5521 दिनांक 24/06/2023 के क्रम में हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग द्वारा दिनांक 27 जून 2023 को आयोजित पाठ्यक्रम समिति की ऑनलाईन/ऑफलाईन बैठक संपन्न की हुई।

पाठ्यक्रम समिति की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

उपस्थित सदस्यों की सूची :–

(1) प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी, संकायाध्यक्ष कला, विभागाध्यक्ष हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (Convener -I)
(2) डॉ० मीनाक्षी सक्सेना, एम०एम०एच० कॉलेज, गाजियाबाद (Convener -II)
(3) डॉ० कंचन पुरी, आर०जी० कॉलेज, मेरठ Online
(4) डॉ० मधु शर्मा, एन०ए०एस कॉलेज, मेरठ
(5) प्रो० कुमुद शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली Online
(6) प्रो० सदानंद भोसले, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे Offline
(7) प्रो० पवन अग्रवाल, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ Offline
(8) डॉ० सविता मोहन, सेवानिवृत्त प्राचार्य, निवास: सी०257, पनाशवैली, सहस्त्रधारा मार्ग, देहरादून Online
(9) प्रो० सुवीर बाबूराव कुलकर्णी, निदेशक, केन्द्रीय हिंदी संस्थान, आगरा Online

बैठक में सर्वसम्मति से निम्नांकित निर्णय लिए गए –

(1) वर्ष 2023–2024 एवं आगामी वर्षों के लिए चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में संचालित निम्नांकित पाठ्यक्रमों में संशोधन पारित किया गया।

1. एम०ए० हिंदी
2. पी० पीएच० डी० कोर्सवर्क हिंदी

(2) विश्वविद्यालय के निर्देशों के क्रम में हिंदी विषय के मौखिकी परीक्षा एवं अन्य परीक्षा संबंधी कार्यों के लिए बाह्य परीक्षकों की सूची समिति द्वारा अनुमोदित की गई।

(3) हिंदी पाठ्यक्रमों में शिक्षण सत्र 2023–2024 हेतु आवश्यकतानुसार संशोधन हेतु प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी, (Convener -I) को अधिकृत किया गया।

(प्रो० कुमुद शर्मा) (प्रो० सदानंद भोसले) 27/6/23 (प्रो० पवन अग्रवाल)

(डॉ० सविता मोहन) (प्रो० सुवीर बाबूराव कुलकर्णी) (डॉ० कंचन पुरी)

(डॉ० मधु शर्मा) (डॉ० मीनाक्षी सक्सेना) (प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी) 27/6/23

हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

दिनांक : 27 जून 2023

विश्वविद्यालय के पत्रांक Committee Cell (BOS-Hindi)/5521 दिनांक 24/06/2023 के क्रम में हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग द्वारा दिनांक 27 जून 2023 को आयोजित पाठ्यक्रम समिति की ऑनलाईन/ऑफलाईन बैठक संपन्न की हुई।

पाठ्यक्रम समिति की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

उपस्थित सदस्यों की सूची :–

(1) प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी, संकायाध्यक्ष कला, विभागाध्यक्ष हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (Convener -I)
(2) डॉ० मीनाक्षी सक्सेना, एम०एम०एच० कॉलेज, गाजियाबाद (Convener -II)
(3) डॉ० कंचन पुरी, आर०जी० कॉलेज, मेरठ Online
(4) डॉ० मधु शर्मा, एन०ए०एस कॉलेज, मेरठ
(5) प्रो० कुमुद शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली Online
(6) प्रो० सदानंद भोसले, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे Offline
(7) प्रो० पवन अग्रवाल, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ Offline
(8) डॉ० सविता मोहन, सेवानिवृत्त प्राचार्य, निवास: सी०257, पनाशवैली, सहस्त्रधारा मार्ग, देहरादून Online
(9) प्रो० सुधीर बाबूराव कुलकर्णी, निदेशक, केन्द्रीय हिंदी संस्थान, आगरा Online

बैठक में सर्वसम्मति से निम्नांकित निर्णय लिए गए –

(1) वर्ष 2023–2024 एवं आगामी वर्षों के लिए चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में संचालित निम्नांकित पाठ्यक्रमों में संशोधन पारित किया गया।

1. एम०ए० हिंदी
2. प्री० पीएच० डी० कोर्सवर्क हिंदी

(2) विश्वविद्यालय के निर्देशों के क्रम में हिंदी विषय के मौखिकी परीक्षा एवं अन्य परीक्षा संबंधी कार्यों के लिए बाह्य परीक्षकों की सूची समिति द्वारा अनुमोदित की गई।

(3) हिंदी पाठ्यक्रमों में शिक्षण सत्र 2023–2024 हेतु आवश्यकतानुसार संशोधन हेतु प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी, (Convener -I) को अधिकृत किया गया।

(प्रो० कुमुद शर्मा) (प्रो० सदानंद भोसले) (प्रो० पवन अग्रवाल) 27.6.2023

(डॉ० सविता मोहन) (प्रो० सुधीर बाबूराव कुलकर्णी) (डॉ० कंचन पुरी)

(डॉ० मधु शर्मा) (डॉ० मीनाक्षी सक्सेना) (प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी) 27/6/2023

हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

दिनांक : 27 जून 2023

विश्वविद्यालय के पत्रांक : Committee Cell (BOS-Hindi)/5521 दिनांक 24/06/2023 के क्रम में हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग द्वारा दिनांक 27 जून 2023 को आयोजित पाठ्यक्रम समिति की ऑनलाईन/ऑफलाईन बैठक संपन्न की हुई।

पाठ्यक्रम समिति की बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

उपस्थित सदस्यों की सूची :–

(1) प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी, संकायाध्यक्ष कला, विभागाध्यक्ष हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (Convener -I)
(2) डॉ० मीनाक्षी सक्सेना, एम०एम०एच० कॉलेज, गाजियाबाद (Convener -II)
(3) डॉ० कंचन पुरी, आर०जी० कॉलेज, मेरठ Online
(4) डॉ० मधु शर्मा, एन०ए०एस कॉलेज, मेरठ
(5) प्रो० कुमुद शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली Online
(6) प्रो० सदानंद भोसले, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे Offline
(7) प्रो० पवन अग्रवाल, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ Offline
(8) डॉ० सविता मोहन, सेवानिवृत्त प्राचार्य, निवासः सी०257, पनाशवैली, सहस्त्रधारा मार्ग, देहरादून Online
(9) प्रो० सुधीर बाबूराव कुलकर्णी, निदेशक, केन्द्रीय हिंदी संस्थान, आगरा Online

बैठक में सर्वसम्मति से निम्नांकित निर्णय लिए गए –

(1) वर्ष 2023–2024 एवं आगामी वर्षों के लिए चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में संचालित निम्नांकित पाठ्यक्रमों में संशोधन पारित किया गया।

1. एम०ए० हिंदी
2. प्री० पीएच० डी० कोर्सवर्क हिंदी

(2) विश्वविद्यालय के निर्देशों के क्रम में हिंदी विषय के मौखिकी परीक्षा एवं अन्य परीक्षा संबंधी कार्यों के लिए बाह्य परीक्षकों की सूची समिति द्वारा अनुमोदित की गई।

(3) हिंदी पाठ्यक्रमों में शिक्षण सत्र 2023–2024 हेतु आवश्यकतानुसार संशोधन हेतु प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी, (Convener -I) को अधिकृत किया गया।

(प्रो० कुमुद शर्मा) (प्रो० सदानंद भोसले) (प्रो० पवन अग्रवाल)

(डॉ० सविता मोहन) (प्रो० सुधीर बाबूराव कुलकर्णी) (डॉ० कंचन पुरी)

(डॉ० मधु शर्मा) (डॉ० मीनाक्षी सक्सेना) (प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी)
27/6/23

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

नई शिक्षा नीति – 2020

हिंदी पाठ्यक्रम समिति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

क्र.	नाम	पदनाम	विभाग	कॉलेज/विश्वविद्यालय
1	प्रो॰ नवीन चन्द्र लोहनी (समन्वयक प्रथम)	संकायाध्यक्ष कला एवं अध्यक्ष हिंदी विभाग	हिंदी	चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
2	प्रो॰ कुमुद शर्मा	अध्यक्ष एवं आचार्य	हिंदी	दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
3	प्रो॰ सदानंद भोसले	आचार्य हिन्दी विभाग	हिंदी	सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
4	प्रो॰ पवन कुमार अग्रवाल	आचार्य, हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग,	हिंदी	लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
5	प्रो॰ सविता मोहन	पूर्व प्राचार्य	हिंदी	निवास: सी॰ 257, पलाश वैली, सहस्त्रधारा मार्ग, देहरादून
6	प्रो॰ सुधीर बाबूराव कुलकर्णी	निदेशक	हिंदी	केन्द्रीय हिंदी संस्थान, आगरा
7	डॉ॰ मीनाक्षी सक्सेना	सह आचार्य	हिंदी	एम.एम.एच॰ कॉलिज, गाजियाबाद
8	डॉ॰ कंचन पुरी	सह आचार्य	हिंदी	आर॰ जी॰ कॉलिज, मेरठ
9	डॉ॰ मधु शर्मा	सह आचार्य	हिंदी	एन.ए.एस॰ कॉलिज, मेरठ

हिंदी पाठ्यक्रम समिति द्वारा दिनांक 27 जून 2023 को संपन्न बैठक में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत निम्नांकित पाठ्यक्रम तैयार किए गए।

क्र.	नाम	प्रभावी होने का वर्ष
1	प्री॰ पीएच॰ डी॰ कोर्स वर्क हिंदी	वर्ष 2023–2024 से प्रभावी
2	एम॰ए॰ हिंदी (सी॰बी॰सी॰एस॰)	वर्ष 2023–2024 से प्रभावी

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

प्री० पीएच० डी० कोर्स वर्क हिंदी

(वर्ष 2023–24 से प्रभावी)

क्र०	प्रश्न पत्र	क्रेडिट	व्याख्यान संख्या
1	अनुसंधान पद्धति एवं प्रक्रिया	4	60
2	हिंदी साहित्य की वैचारिक पृष्ठभूमि	4	60
3	साहित्य सिद्धांतों का अध्ययन	4	60
4	साहित्य समीक्षा/क्षेत्र कार्य	4	—

प्री पीएच० डी० कोर्सवर्क हेतु

अनुसंधान पद्धति एवं प्रक्रिया

विषय: सभी संकायों के लिए		
पाठ्यक्रम कोड: -----	पाठ्यक्रम शीर्षक: अनुसंधान पद्धति	सिद्धांत

पाठ्यक्रम का उद्देश्य: इस पेपर का मुख्य उद्देश्य है

1. अनुसंधान की भूमिका और महत्व को पहचानें और चर्चा करें।
2. अनुसंधान प्रक्रिया के लिए प्रमुख मुद्दों और अवधारणाओं की पहचान करना और उन पर चर्चा करना।
3. शोध समस्या का चयन करने, उपयुक्त अनुसंधान डिजाइन का चयन करने और शोध परियोजना को लागू करने में निहित समस्याओं की पहचान करें और उन पर चर्चा करें।
4. नमूना संग्रह, आंकड़ों का संचयन, विश्लेषण और प्रतिवेदन की अवधारणाओं और प्रक्रियाओं को पहचानें और उन पर चर्चा करें।

पाठ्यक्रम आउटकम: इस पाठ्यक्रम की समाप्ति की पश्चात् छात्र सक्षम होंगे:

CO1-शोध की कुछ बुनियादी अवधारणाओं को और उसकी कार्य प्रणालियों को समझ सकेंगे

CO2- प्रमुख अनुसंधान अवधारणाओं और मुद्दों को उनके अकादमिक अनुशासन में पढ़ने, समझने और शोध लेखों की व्याख्या करने में सक्षम हो सकेंगे।

CO3- उपयुक्त शोध समस्या और मापदंडों को चयनित व परिभाषित कर सकेंगे।

CO4- अधिक उपयुक्त तरीके से अनुसंधान (उन्नत परियोजना) को व्यवस्थित और संचालित कर सकेंगे।

CO5- अनुसंधान रिपोर्ट और शोध प्रबंध लिखेंगे।

CO6- शोध प्रस्ताव लिखेंगे । (अनुदान हेतु)

क्रेडिट: 4	अनिवार्य
अधिकतम अंक: 100	न्यूनतम उत्तीर्ण अंक: 55

व्याख्यान-ट्यूटोरियल की कुल संख्या (प्रति सप्ताह घंटों में): L-T-P : 4-0-0

इकाई	विषय	व्याख्यान की संख्या 60
1	अनुसंधान की अवधारणा और परिभाषा, अनुसंधान के उद्देश्य और प्रेरणा, अनुसंधान का महत्व, अनुसंधान के प्रकार, अनुसंधान की पद्धतियां बनाम कार्यप्रणाली, अनुसंधान की प्रक्रिया, साहित्य की समीक्षा, शोध समस्या का सूत्रीकरण, शोध समस्या के स्रोत और पहचान, अनुसंधान समस्या की स्थिति, परिकल्पना का निर्माण, अनुसंधान का प्रारूप।	15
2	शोध रूपरेखा का प्रारूप, परियोजना प्रस्ताव, परियोजना रिपोर्ट लेखन, शोध पत्र लेखन, अनुसंधान रिपोर्ट के घटक, शोध प्रबंध लेखन, शोध प्रबंध की रूपरेखा, संदर्भ, लेखन संदर्भों के प्रारूप और ग्रंथ सूची, साहित्यिक चोरी (Plagiarism)	10
3	बौद्धिक सम्पदा (आई॰ पी), बौद्धिक सम्पदा अधिकार (आई॰पी॰आर॰), बौद्धिक	10

	सम्पदा कानून, बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के विभिन्न क्षेत्र, पेटेंट, प्रकाशन की नैतिकताः परिभाषा, हितों का टकराव, प्रकाशन कदाचार परिभाषा, अवधारणा समस्या एवं अमर्यादित व्यवहार, प्रकाशन के दुर्व्यवहार की पहचान, शिकायत एवं अपील, प्रकाशन की नैतिकता का हनन्, लेखन एवं सहलेखन, अमान्य प्रकाशक एवं जर्नल्स।	
4	कंप्यूटर नेटवर्किंग, इंटरनेट, वेब ब्राउजर, सर्च इंजन, एमएस वर्ड: ग्राफिक्स टेबल और चार्ट को संभालना, एमएस-वर्ड में फॉर्मेटिंग, एमएस पावर प्वाइंट: स्लाइड शो बनाना, स्क्रीन लेआउट और दृश्य, डिजाइन टेम्पलेट लागू करना, एमएस एक्सेल: विशेषताएं, सूत्र और कार्य।	10
5	विषय वर्गीकरण सूचकांक, प्रशस्ति पत्र, प्रशस्ति पत्र सूचकांक, प्रभाव कारक, एच-सूचकांक, आई-10इंडेक्स, इनफ्लिबनेट, पीयर रिव्यूड और ओपन एक्सेस जर्नल्स का परिचय, ई-जर्नल्स, ई-लाइब्रेरी, अनुसंधान डेटाबेस, वैज्ञानिक सूचना संस्थान (आईएसआई) और जर्नल साइटेशन रिपोर्ट्स, साइंस साइटेशन इंडेक्स (SCI), सोशल साइंसेज साइटेशन इंडेक्स (SSCI), आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज साइटेशन इंडेक्स (AHCI), डाटाबेस, यू॰जी॰सी॰ केयर लिस्ट, वेब ऑफ साइंस (WoS), स्कोपस।	15

शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया: कक्षा में चर्चा/प्रदर्शन, पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण, कक्षा की गतिविधियां।

सहायक ग्रंथ :

1 Creswell. W.: Research Design, Qualitative, Quantitative and Mixed Methods Approaches (3rdEdition) SAGE, Inc., 2018.

2 Gupta. S: Research Methodology: Methods and Statistical Techniques, Deep & Deep Publications, 2010.

3 Kumar. R: Research Methodology: A Step-by-Step Guide for Beginners (3rd Edition), SAGE, Inc., 2011.

5 Melville. S. and Goddard. W.: Research Methodology: An Introduction (2nd edition),Juta Academic, 2004.

6 Shortis, T.: The Language of ICT: Information and Communication Technology, Taylor & Francis, 2016

7 Research Methodology: Methods and Techniques by C.R. Kothari, Second revised edition.

8 Research Methodology: A Step by Step guide for beginners by Ranjit Kumar

9 Information Cummunication Technology, by Tim Shorts Handbook of communication and social Interaction skills, by john O. Green, Brant Raney Burieson

10 शोध प्रविधि - डॉ॰ विनय मोहन शर्मा

11 अनुसंधान प्रविधि, सिद्धांत और प्रक्रिया - एस॰एन॰ गणेशन

12 अनुसंधान प्रविधि - डॉ॰ एस॰एन॰ राय

13 अनुसंधान की प्रविधि एवं प्रक्रिया - डॉ॰ राजेन्द्र मिश्र

14 साहित्य अनुशीलन: विभिन्न दृष्टियाँ - डॉ॰ दया शंकर शुक्ल

15 अनुसंधान प्रविधि और प्रक्रिया - डॉ॰ मुध खराटे/डॉ॰ शिवाजी देवरे

प्री० पीएच० डी० कोर्सवर्क		
विषय : हिंदी		
पाठ्यक्रम कोड :	पाठ्यक्रम शीर्षक : हिंदी साहित्य की वैचारिक पृष्ठभूमि	(सैद्धांतिकी)

पाठ्यक्रम उद्देश्य : प्री० पीएच० डी० कोर्सवर्क पाठ्यक्रम में हिंदी साहित्य की वैचारिक पृष्टभूमि पत्र के अंतर्गत वेद, वेदांत से लेकर आधुनिक वैचारिकी का अध्ययन अपेक्षित है। सभ्यता, संस्कृति के फैलाव में दर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इहलौकिकता से लेकर पारलौकिकता की यात्रा एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में इस पत्र का अध्ययन अनिवार्य है। वैश्विक आंदोलनों एवं साहित्यिक आंदोलनों के संदर्भ को समझने के लिए भी इस पत्र का अध्ययन अपेक्षित है।

पाठ्यक्रम परिणाम : तर्क आधारित ज्ञान दर्शन है। दर्शन की प्रणाली को समझने के लिए तार्किक होना अनिवार्य है। अतः विद्यार्थी इस पत्र को पढ़–समझकर दर्शन की प्रणाली एवं विभिन्न वैचारिक आंदोलनों का विश्व एवं भारतीय समाज पर पड़ने वाले प्रभावों को समझ सकेंगे।

क्रेडिट : 4	अनिवार्य पाठ्यक्रम
अधिकतम अंक : 100	न्यूनतम उत्तीर्ण अर्हता अंक : 55

कुल कक्षा व्याख्यान – (साप्ताहिक घंटे) 06

खंड	विषय	कुल व्याख्यान संख्या : 60
प्रथम	दार्शनिक पृष्ठभूमि – वेद, उपनिषद, तत्व मीमांसा, वेदांत, अद्वैतवाद, विशिष्टाद्वैतवाद, द्वैताद्वैत, द्वैतवाद, शुद्धाद्वैतवाद (वेद से शुद्धाद्वैतवाद तक सामान्य परिचयात्मक अध्ययन), सूफी मत, संत मत, विभिन्न धर्म साधनाएँ और भक्ति आंदोलन, सूफीमत संत मत एवं नवीन विचारधाराएं	12
द्वितीय	मध्ययुगीन बोध और आधुनिक बोध में साम्य–वैषम्य, आधुनिकता बोध और औद्योगिक संस्कृति (सामान्य परिचय) पुनर्जागरण, नवजागरण, समाज सुधार आंदोलन, पूँजीवाद, उपनिवेशवाद, सामंतवाद, राष्ट्रवाद, गांधीवाद राष्ट्रीय आंदोलन एवं हिंदी पत्रकारिता	12
तृतीय	आधुनिक विचार दृष्टियाँ : मार्क्सवाद, समाजवाद, मनोविश्लेषणवाद, अस्तित्ववाद, अरविंद दर्शन, प्रत्यभिज्ञा दर्शन, उत्तर आधुनिकतावाद, संरचनावाद, उत्तरसंरचनावाद (विखंडनवाद), नव साम्राज्यवाद	12
चतुर्थ	समकालीन विमर्श :– संस्कृति विमर्श, दलित विमर्श, स्त्री–विमर्श, जनजातीय विमर्श, संस्कृति विमर्श, अस्मिता विमर्श, किन्नर विमर्श, पुरूष विमर्श, वृद्ध विमर्श, पारिस्थितिकी विमर्श	12
पंचम	स्वातंत्र्योत्तर साहित्यिक आंदोलन– समकालीन साहित्य का परिदृश्य, नई कविता, नई कहानी, उपन्यास, नाटक एवं रंगमंच एवं अन्य विधाएं	12

आवश्यक निर्देश : सभी पाँच खण्डों में से कम से कम एक–एक प्रश्न और कुल मिलाकर दस प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षार्थियों को प्रत्येक खण्ड में से एक–एक प्रश्न करना अनिवार्य होगा। कुल मिलाकर पाँच प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।

निबंधात्मक प्रश्न/आलोचनात्मक प्रश्न 05 X 20 = 100 अंक

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया : कक्षा अध्यापन/विशिष्ट व्याख्यान/फिल्म एवं डाक्यूमेंटरी माध्यम का प्रयोग

1. डिजिटल तथा वेब लिंक : (web links)

मूल्यांकन प्रक्रिया : बाह्य परीक्षा
पाठ्यक्रम हेतु अर्हता : स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदी तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार अन्य अर्हताएं।

सन्दर्भ ग्रन्थ : हिंदी साहित्य की वैचारिक पृष्ठभूमि

1 भारतीय दर्शन – देवी प्रसाद चट्टोपाध्याय
2 भारतीय दर्शन – बलदेव उपाध्याय
3 भारतीय चिंतन परम्परा – के० दामोदरन
4 आधुनिक भारतीय चिंतन – डॉ० विश्वनाथ नरवणे
5 भागवत संप्रदाय – बालदेव उपाध्याय
6 कहानी : नई कहानी – डॉ० नामवर सिंह
7 नई कहानी : सदर्भ और प्रकृति – संपादक डॉ० देवीशंकर अवस्थी
8 सूफीमत साधना और साहित्य – डॉ० रामपूजन तिवारी
9 कहानी आंदोलन की भूमिका – डॉ० बलराज पाण्डेय
10 नई कविता : परिवेश और परिप्रेक्ष्य – डॉ० रामकली सराफ
11 आधुनिकता और उपन्यास – डॉ० इन्द्रनाथ मदान

प्री० पीएच० डी० कोर्सवक

पाठ्यक्रम कोड :	पाठ्यक्रम शीर्षक : **साहित्य समीक्षा/क्षेत्र कार्य**
पाठ्यक्रम उद्देश्य : इसके अन्तर्गत विद्यार्थियों को साहित्य समीक्षा हेतु पुस्तक/विधा/समीक्षा/रचना आदि में से पाठ्यक्रम संयोजक द्वारा विषय दिया जाएगा तथा विद्यार्थियों को संबंधित साहित्य के गहन अध्ययन के उपरांत समीक्षा प्रस्तुत करनी होगी। जो कम से कम 5000–7000 शब्दों में होगी अथवा प्रायोगिक क्षेत्रीय कार्य भी दिया जा सकता है, जो कि सर्वे अथवा साहित्य समीक्षा के मूल्यांकन हेतु अपेक्षित हो। विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत समीक्षा/क्षेत्रीय कार्य का मूल्यांकन आंतरिक एवं बाह्य परीक्षक द्वारा किया जाएगा तथा सामूहिक मूल्यांकन के अंक 100 में से प्रदान किए जाएंगे और विश्वविद्यालय नियमानुसार ग्रेड प्रदान किया जाएगा। जो 4 क्रेडिट का होगा। **पाठ्यक्रम परिणाम** : 1 शोध प्रबन्ध लेखन की प्रविधि, गुणवत्ता एवं उपयोगिता से परिचित हो सकेंगे।	
क्रेडिट : 4	अनिवार्य पाठ्यक्रम
अधिकतम अंक : 100	न्यूनतम उत्तीर्ण अर्हता अंक : 55



कार्यक्रम / कक्षा : प्री० पीएच० डी० कोर्सवर्क		
विषय : हिंदी		
पाठ्यक्रम कोड :	पाठ्यक्रम शीर्षक : साहित्य सिद्धांतों का अध्ययन	(सैद्धांतिकी)

पाठ्यक्रम उद्देश्य : भारतीय साहित्य में भाव पक्ष के साथ कला पक्ष की महत्ता रही है। विचार एवं भाव का परस्पर संबंध ही काव्य का मूल तत्व है। राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न विचारधाराएं एवं सिद्धांत समय समय पर प्रभावी रहे हैं। साहित्य पर उनका प्रभाव परिलक्षित होता है। ये सिद्धांत और विचारधाराएं साहित्य में रचना की प्रकृति निर्धारित करती हैं। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य है कि विद्यार्थी उन विमर्शों को विश्लेषणात्मक स्तर से समझ सकें। भारतीय एवं पाश्चात्य सिद्धांतों के अध्ययन से नवीन वैचारिक समझ के साथ रचना का मूल्यांकन कर सकें।

पाठ्यक्रम परिणाम : 1 रस सिद्धांत एवं अन्य संस्कृत काव्य सिद्धांतों से परिचित हो सकेंगे। 2. हिंदी आलोचना की जानकारी प्राप्त हो सकेंगी। 3. साहित्य शास्त्र और शोध के अन्तर्संबंध को समझने की दृष्टि विकसित होगी। 4. नवीन काव्य सिद्धांतों से परिचित होंगे।

क्रेडिट : 4	अनिवार्य पाठ्यक्रम
अधिकतम अंक : 100	न्यूनतम उत्तीर्ण अर्हता अंक : 55

कुल कक्षा व्याख्यान -- (साप्ताहिक घंटे) 06

खंड	विषय	कुल व्याख्यान संख्या : 60
प्रथम	साहित्य शास्त्र एवं शोध सिद्धांत साहित्य शास्त्र : अर्थ, स्वरूप, क्षेत्र और प्रयोजन शोध के प्रकार : (क) साहित्यिक शोध, (ख) अन्तरविद्यावर्ती शोध भाषा वैज्ञानिक शोध पाठालोचन तुलनात्मक शोध लोक साहित्यिक शोध ऐतिहासिक शोध	12
द्वितीय	भारतीय काव्य (संस्कृत) शास्त्र का विकास एवं स्वरूप हिंदी काव्य शास्त्र का विकास एवं स्वरूप हिंदी आलोचना का स्वरूप एवं विकास शुक्लपूर्वयुगीन आलोचना शुक्ल युगीन आलोचना शुक्लोत्तर आलोचना	12
तृतीय	प्रमुख भारतीय काव्य सिद्धांतों का अध्ययन रस सिद्धांत और उसके सहवर्ती विमर्शों का अन्तर्सम्बन्ध आधुनिक काव्य के संदर्भ में रस सिद्धांत का मूल्यांकन अलंकार, रीति, वक्रोक्ति, ध्वनि और औचित्य सिद्धांतों की– क. आधारभूत स्थापनाएँ ख. काव्य--रचना प्रक्रिया की दृष्टि से उनका पारस्परिक संबंध	12
चतुर्थ	प्रमुख पाश्चात्य साहित्य सिद्धांतों का अध्ययन पाश्चात्य काव्यशास्त्र का विकास पाश्चात्य काव्यशास्त्र के विभिन्न चिंतक एवं उनके अभिमत नई समीक्षा एवं पाश्चात्य काव्य आंदोलन	12

पंचम	सिद्धांत और वाद 1. प्रेरणा सिद्धांत 2. अनुकरण सिद्धांत 3. औदात्य सिद्धांत 4. कल्पनावाद 5. स्वच्छन्दतावाद 6. अभिव्यंजनावाद 7. रूपवाद 8. निर्वैयक्तिकता 9. मूल्य सिद्धान्त 10. काव्य भाषा का सिद्धांत 11 सौंदर्यशास्त्र	12

आवश्यक निर्देश : प्रथम खण्ड में से दो तथा दूसरे–तीसरे खण्डों से चार–चार प्रश्न पूछे जाएँगे। कुल दस प्रश्न पूछे जाएँगे। परीक्षार्थियों को प्रथम खण्ड से एक और दूसरे–तीसरे खण्डों से दो–दो प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। सभी प्रश्नों के अंक समान होंगे।

निबंधात्मक प्रश्न/आलोचनात्मक प्रश्न 05 X 20 = 100 अंक

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया : कक्षा अध्यापन/विशिष्ट व्याख्यान/फिल्म एवं डाक्यूमेंटरी माध्यम का प्रयोग

1. डिजिटल तथा वेब लिंक : (web links)

मूल्यांकन प्रक्रिया : बाह्य परीक्षा

पाठ्यक्रम हेतु अर्हता : स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदी तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार अन्य अर्हताएं।

सन्दर्भ ग्रन्थ : साहित्य सिद्धांतों का अध्ययन

1 काव्यशास्त्र की भूमिका – डॉ० नगेन्द्र
2 भारतीय काव्यशास्त्र के नई क्षितिज – डॉ० राममूर्ति त्रिपाठी
3 साहित्यशास्त्र – देशपाण्डेय
4 रस सिद्धांत – डॉ० नगेन्द्र
5 लिटरेरी क्रिटिसिज्म – राय एण्ड द्विवेदी,
6 पाश्चात्य काव्यशास्त्र – देवेन्द्र नाथ शर्मा
7 नई समीक्षा के प्रतिमान – डॉ० निर्मिला जैन
8 पाश्चात्य साहित्यशास्त्र – डॉ० राम पूजन तिवारी
9 काव्य समीक्षा – डॉ० विक्रमादित्य राय
10 हिंदी काव्यशास्त्र का इतिहास – भगीरथ मिश्र
11 पाश्चात्य समीक्षाशास्त्र : सिद्धांत और परिदृश्य – डॉ० नगेन्द्र
12 आलोचक और आलोचना – बच्चन सिंह
13 हिंदी आलोचना – विश्वनाथ त्रिपाठी
14 पाश्चात्य साहित्य चिंतन – डॉ०निर्मला जैन
15 हिंदी आलोचना का विकास – नंदकिशोर नवल
16 शोध प्रविधि – डॉ० विनय मोहन शर्मा

मथुरा

CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

Ref.: Committee Cell (BOS-Hindi)/5521
Dated: 24-06-2023

A meeting of the Board of Studies (University Campus & Affiliated Colleges) in the subject of the **HINDI & Adhunik Bhartiya Bhasa Vigyan** (Pre Ph.D. Course work) will be held on **27-06-2023 at 11:00 A.M.** on online & offline combined meeting in the Department of Hindi, Chaudhary Charan Singh University Campus, Meerut. All the members are requested to attend the meeting please.

Members of Board of Studies in Hindi Adhunik Bhartiya Vigyan (Pre Ph. D):-

1. Prof. Naveen Chandra Lohani, HOD Hindi Dep / Dean, Faculty of Arts, C.C.S. University, Meerut. **(Convener - I)**
2. Dr. Meenakshi Saxena, Dept. of Hindi, M.M.H.College, Ghaziabad **(Convener - II)**
3. Dr. Kanchan Puri, R.G. College, Meerut.
4. Dr. Madhu Sharma, N.A.S. College, Meerut.
5. डॉ० कुमुद शर्मा, हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, नार्थ कैम्पस, नई दिल्ली।
6. प्रो० सदानंद भोसले, आचार्य, हिन्दी विभाग, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय।
7. प्रो० पवन कुमार अग्रवाल, आचार्य, हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ।
8. प्रो० सविता मोहन, सेवानिवृत्त प्राचार्य, निवास सी–257, पनाश वैली, सहस्त्रधारा मार्ग देहरादून।
9. प्रो० सुधीर बाबूराव कुलकर्णी, निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा।

Registrar

Copy to:-

1. S.V.C. for kind information of the Hon'ble Vice Chancellor.
2. Steno to the Finance Controller for information of the Finance Officer.
3. H.O.D. concerned/committee cell.
4. Shri Sandeep Aggarwal, SCRIET, to conduct the meeting on Zoom App.

Registrar

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

2

नई शिक्षा नीति – 2020

हिंदी पाठ्यक्रम समिति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

क्र.	नाम	पदनाम	विभाग	कॉलेज/विश्वविद्यालय
1	प्रो॰ नवीन चन्द्र लोहनी (समन्वयक प्रथम)	संकायाध्यक्ष कला एवं अध्यक्ष हिंदी विभाग	हिंदी	चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
2	प्रो॰ कुमुद शर्मा	अध्यक्ष एवं आचार्य	हिंदी	दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
3	प्रो॰ सदानंद भोसले	आचार्य हिन्दी विभाग	हिंदी	सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
4	प्रो॰ पवन कुमार अग्रवाल	आचार्य, हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग,	हिंदी	लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
5	प्रो॰ सविता मोहन	पूर्व प्राचार्य	हिंदी	निवास: सी॰ 257, पनाश वैली, सहस्त्रधारा मार्ग, देहरादून
6	प्रो॰ सुधीर बाबूराव कुलकर्णी	निदेशक	हिंदी	केन्द्रीय हिंदी संस्थान, आगरा
7	डॉ॰ मीनाक्षी सक्सेना	सह आचार्य	हिंदी	एम.एम.एच॰ कॉलिज, गाजियाबाद
8	डॉ॰ कंचन पुरी	सह आचार्य	हिंदी	आर॰ जी॰ कॉलिज, मेरठ
9	डॉ॰ मधु शर्मा	सह आचार्य	हिंदी	एन.ए.एस॰ कॉलिज, मेरठ

हिंदी पाठ्यक्रम समिति द्वारा दिनांक 29 जून 2022 एवं दिनांक 27 मई 2023 एवं दिनांक 27 जून 2023 को संपन्न बैठक में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत निम्नांकित पाठ्यक्रम तैयार/संशोधित किए गए।

क्र.	नाम	प्रभावी होने का वर्ष
1	प्री॰ पीएच॰ डी॰ कोर्स वर्क हिंदी	वर्ष 2023–2024 से प्रभावी
2	एम॰ए॰ हिंदी (सी॰बी॰सी॰एस॰)	वर्ष 2023–2024 से प्रभावी

मधुशर्मा

एम०ए० हिंदी प्रश्नपत्रों के नाम वर्षवार एवं सत्रवार

वर्ष 2023–2024 से प्रभावी

वर्ष	सत्र	पाठ्यक्रम कोड :	अनिवार्य / ऐच्छिक / कौशल संवर्द्धक	प्रश्नपत्र का नाम	(सैद्धांतिकी एवं प्रायोगिकी)	क्रेडिट
1	I	A010701T	अनिवार्य	हिंदी साहित्य का इतिहास	सैद्धांतिकी	5
1	I	A010702T	अनिवार्य	प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन काव्य	सैद्धांतिकी	5
1	I	A010703T	अनिवार्य	शोध प्रविधि और प्रक्रिया	सैद्धांतिकी	5
1	I	A010704T	अनिवार्य	प्रयोजनमूलक हिंदी	सैद्धांतिकी	5
1	I	A010705T	अनिवार्य	लघु शोध प्रबन्ध / प्रोजेक्ट कार्य	प्रायोगिकी	4
1	II	A010801T	अनिवार्य	उत्तर मध्यकालीन काव्य	सैद्धांतिकी	5
1	II	A010802T	अनिवार्य	कथा–साहित्य	सैद्धांतिकी	5
1	II	A010803T	अनिवार्य	कथेतर गद्य साहित्य	सैद्धांतिकी	5
1	II	A010804T	अनिवार्य	भाषा विज्ञान एवं हिंदी भाषा	सैद्धांतिकी	5
1	II	A010805T	अनिवार्य	लघु शोध प्रबन्ध / प्रोजेक्ट कार्य	प्रायोगिकी	4
2	III		अनिवार्य	आधुनिक काव्य (छायावाद पर्यंत)	सैद्धांतिकी	5
2	III		अनिवार्य	भारतीय काव्यशास्त्र एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र	सैद्धांतिकी	5
2	III		ऐच्छिक (विशिष्ट रचनाकार प्रश्न पत्र में कुल 06 विकल्पों में से किसी एक विकल्प का अध्ययन करना अनिवार्य होगा।)	विशिष्ट रचनाकार विकल्प – (1) कबीरदास	सैद्धांतिकी	5
				(2) सूरदास		
				(3) गोस्वामी तुलसीदास		
				(4) जयशंकर प्रसाद		
				(5) प्रेमचंद		
				(6) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'		
2	III		अनिवार्य	पत्रकारिता प्रशिक्षण	सैद्धांतिकी / प्रायोगिकी	5
2	III		अनिवार्य	लघु शोध प्रबन्ध / प्रोजेक्ट कार्य	प्रायोगिकी	4
2	IV		अनिवार्य	छायावादोत्तर काव्य	सैद्धांतिकी	5
2	IV		अनिवार्य	नाटक और रंगमंच	सैद्धांतिकी	5
2	IV		ऐच्छिक (विशिष्ट साहित्य–धारा प्रश्न पत्र में कुल 05 विकल्पों में से किसी एक विकल्प का अध्ययन करना होगा।)	विशिष्ट साहित्य–धारा विकल्प – (1) भारतीय साहित्य	सैद्धांतिकी	5
				(2) कौरवी लोक साहित्य		
				(3) प्रवासी हिंदी साहित्य		
				(4) (प्राचीन भाषा–साहित्य) संस्कृत		
				(5) (प्राचीन भाषा–साहित्य) प्राकृत–अपभ्रंश		
2	IV		अनिवार्य	हिंदी आलोचना	सैद्धांतिकी	5
2	IV		अनिवार्य	लघु शोध प्रबन्ध / प्रोजेक्ट कार्य	प्रायोगिकी	4
		गैर हिंदी स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम सी०बी०सी०एस० विद्यार्थियों हेतु				
1	I	QA010701T	ऐच्छिक	सामान्य हिंदी	सैद्धांतिकी	4
1	II		ऐच्छिक	कोश विज्ञान	सैद्धांतिकी	4
1	II		ऐच्छिक	अनुवाद	सैद्धांतिकी	4

प्रथम वर्ष के एक सत्र में (प्रथम अथवा द्वितीय सत्र) में विद्यार्थी एम०ए० सूक्ष्म ऐच्छिक अन्य संकाय से 4 / 5 / 6 / क्रेडिट का विषय पढ़ेंगे। इस प्रकार प्रत्येक सत्र में मुख्य विषय 20 क्रेडिट (5 X 4) तथा प्रायोगिकी / परियोजना कार्य 4 क्रेडिट (कुल 24 क्रेडिट) और प्रथम वर्ष में 04 / 05 / 06 क्रेडिट का अन्य संकाय के विषय मिलाकर न्यूनतम 28 क्रेडिट के पाठ्यक्रम पढ़ेंगे।

अनिवार्य पाठ्यक्रम (Core Compulsory Courses) :– ये विषय के अनिवार्य पाठ्यक्रम हैं। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को इसका अध्ययन करना है। प्रथम सत्र के सभी पाठ्यक्रम अनिवार्य हैं।

ऐच्छिक पाठ्यक्रम (Core Elective Courses) :– ऐच्छिक पाठ्यक्रम में कुछ ऐच्छिक पाठ्यक्रम सत्र द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में पढ़ाए जाएंगे। ये पाठ्यक्रम विद्यार्थी की विषयगत रूचि के अनुरूप ही चयनित होंगे या किए जा सकेंगे।

ऐच्छिक पाठ्यक्रम (Minor Electives) (अन्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए) :– पाठ्यक्रम अन्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित किए गए हैं। अन्य संकायों के जो विद्यार्थी इनका चयन करेंगे वे इनका अध्ययन कर सकते हैं।

मूल्य संवर्धित ऐच्छिक पाठ्यक्रम (Value added course) :– किसी अन्य संकाय के विद्यार्थी द्वारा मूल्य संवर्द्धन हेतु यह पाठ्यक्रम लिया जा सकता है। इन पाठ्यक्रमों में जो पाठ्यक्रम समिति द्वारा निर्मित किया गया हो। (न्यूनतम अंक 02 क्रेडिट, 30 घंटे)

स्नातकोत्तर स्तर (एम०ए० हिंदी) पर हिंदी विषय पाठ्यक्रम हेतु सामान्य निर्देश

विद्यार्थी को इण्टरमीडिएट तथा स्नातक स्तर पर हिंदी विषय के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

एम०ए० हिंदी पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक सत्र की चार हिंदी विषय संबंधी प्रश्न पत्रों की आंतरिक एवं बाह्य परीक्षाएं क्रमश विश्वविद्यालय नियमानुसार कुल 30 + 70 अंकों की होंगी।

आंतरिक मूल्यांकन सतत् कक्ष शिक्षण के क्रम में सेमेस्टर परीक्षाएँ, संगोष्ठी पत्र लेखन/प्रस्तुतीकरण, क्विज टेस्ट, पुस्तकालय कार्य, गृहकार्य मूल्यांकन के रूप में विश्वविद्यालय नियमानुसार किया जाएगा तथा बाह्य परीक्षा विश्वविद्यालय नियमानुसार संपन्न होंगी।

संबंधित परीक्षाओं में सभी इकाईयों (यूनिट) से अनिवार्यतः प्रश्न पूछे जाएंगे। शिक्षण इकाईयों (यूनिट) के क्रम में ही कराया जाएगा। जिससे आतंरिक परीक्षा के लिए सुविधा रहेगी।

शिक्षण में आधार सामग्री, आलोचनात्मक सामग्री, शोध पत्र–पत्रिकाओं, साहित्यिक एवं आलोचनात्मक पत्रिकाओं के अलावा, इंटरनेट में उपलब्ध जानकारी और शोध सामग्री, यूट्यूब तथा अन्य वेबपोर्टल, मूक एवं इंफ्लिबनेट, शोध गंगा आदि पर उपलब्ध शोध सामग्री तथा शोध जर्नल, संबंधित प्रश्नपत्र में प्रायोगिक अथवा प्रयोगशालाओं पर आधारित अध्ययन भी कराया जाएगा।

प्रश्नपत्र से संबधित शोध पत्रों को अध्ययन में शामिल करना होगा, इसके लिए इस प्रश्न पत्र से संबंधित कम से कम दो शोध पत्रों को छात्र–छात्राओं को संदर्भ के रूप में समझाया जाए तथा अध्ययन सामग्री में शामिल किया जाए।

बाह्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों में पूछे जाने वाले अंक निर्धारण का प्रारूप प्रत्येक पाठ्यक्रम के अंत में दिया गया है। बाह्य परीक्षा के प्रश्न पत्र तदनुरूप रहेंगे। आंतरिक परीक्षाओं में बाह्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों के प्रारूप से विद्यार्थियों का परिचय होना चाहिए।

क्रेडिट संबंधी नियम दिए गए हैं। फिर भी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमानुसार समय–समय पर इसमें संशोधन किया जा सकता है।

कार्यक्रम / कक्षा : स्नातकोत्तर	वर्ष : प्रथम	सेमेस्टर : प्रथम
विषय : हिंदी		
पाठ्यक्रम कोड : A010701T	पाठ्यक्रम शीर्षक : **हिंदी साहित्य का इतिहास**	(सैद्धांतिकी)

पाठ्यक्रम उद्देश्य : एम0 ए0 हिंदी के विद्यार्थियों को हिंदी गद्य तथा हिंदी पद्य का समेकित अध्ययन करना अपेक्षित है। अध्ययन की इस प्रक्रिया में उन्हें हिंदी साहित्य के आदिकाल से लेकर आधुनिक काल तक की विविध विचारधाराओं, परिस्थितियों, प्रवृत्तियों, कवियों तथा उनकी रचनाओं की जानकारी आवश्यक है। साथ ही सभी युगों के नामकरण, काल विभाजन के संदर्भ में कौन–कौन से बिन्दुओं को ध्यान में रखा गया तथा किन आधारों पर नामकरण किया गया इसकी जानकारी अपेक्षित है। इसे ध्यान में रखते हुए हिंदी साहित्य के इतिहास के पाठ्यक्रम का स्वरूप निर्धारित किया गया है।

पाठ्यक्रम परिणाम : 1. हिंदी साहित्य के ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विभाजन को समझकर उसका विश्लेषण कर सकेंगे। 2. हिंदी साहित्य के महत्वपूर्ण संतों व कवियों की विचारधाराओं को आधुनिक संदर्भों में समझ सकेंगे। 3. विश्व प्रसिद्ध भारतीय साहित्य का चिंतन मनन करने की एक सही दृष्टि प्राप्त होगी। 4. आदिकालीन एवं मध्यकालीन संत कवियों का जीवन के प्रति दृष्टिकोण से परिचित होंगे।

क्रेडिट : 5	अनिवार्य पाठ्यक्रम
अधिकतम अंक : 30+70	न्यूनतम उत्तीर्ण अर्हता अंक : 36

कुल कक्षा व्याख्यान / ट्यूटोरियल / – (साप्ताहिक घंटे) व्या० / ट्यू० : 5–1

खंड	विषय	कुल व्याख्यान संख्या : 75
प्रथम	हिंदी साहित्येतिहास दर्शन, परंपरा एवं इतिहास, साहित्य की विकासवादी अवधारणा, हिंदी साहित्य के काल विभाजन का आधार, हिंदी साहित्य के इतिहास लेखन की परंपरा।	10
द्वितीय	आदिकाल की पृष्ठभूमि, आदिकाल का काल निर्धारण और नामकरण, पुरानी हिंदी (परवर्ती अपभ्रंश), सिद्ध, नाथ और जैन साहित्य, रासो काव्य, स्फुट साहित्य (विद्यापति, अमीर खुसरो, ढोला मारू रा दूहा, अब्दुर्रहमान)	15
तृतीय	भक्तिकाल की पृष्ठभूमि, परिस्थितियाँ, भक्तिकालीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियाँ और विशेषताएँ, संत काव्यधारा, सूफी काव्यधारा, कृष्ण भक्ति काव्य, राम भक्ति काव्य एवं अन्य महत्वपूर्ण सम्प्रदाय।	15
चतुर्थ	रीतिकालीन कविता की पृष्ठभूमि, प्रमुख प्रवृत्तियाँ, रीतिकालीन कविता का स्वरूप (रीतिसिद्ध, रीतिबद्ध, रीतिमुक्त), रीति इतर काव्य एवं गद्य साहित्य, रीतिकाल का सामाजिक सांस्कृतिक पक्ष।	15
पंचम	आधुनिक साहित्य की पृष्ठभूमि, नवजागरण एवं भारतेंदु युग, द्विवेदी युग, छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नई कविता, समकालीन कविता (वर्ष 2000 तक), नवगीत, आधुनिक विमर्श एवं अन्य गद्य विधाएं, नई कविता के कवि, समकालीन साहित्यिक पत्रकारिता।	20

निबंधात्मक / आलोचनात्मक प्रश्न	3 X 13	=	39 अंक
लघु उत्तरीय प्रश्न	4 X 5	=	20 अंक
अति लघु उत्तरीय प्रश्न	11 X 1	=	11 अंक
योग		=	70 अंक

नोट :– लघु उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में तथा अति लघु उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में लिखना होगा। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों में बहुविकल्पीय तथा सत्य–असत्य पर आधारित प्रश्न नहीं पूछे जाएंगे।

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया : कक्षा अध्यापन/विशिष्ट व्याख्यान/फिल्म एवं डाक्यूमेंटरी माध्यम का प्रयोग
1. डिजिटल तथा वेब लिंक : (web links)
अन्य विषयों के विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम को ऐच्छिक पाठ्यक्रम के रूप में अध्ययन कर सकते हैं।
मूल्यांकन प्रक्रिया : सेमिनार पत्र लेखन/प्रस्तुति, क्विज टेस्ट, आंतरिक लिखित परीक्षा
पाठ्यक्रम हेतु अर्हता : इन्टरमीडिएट तथा स्नातक स्तर पर हिंदी अनिवार्य पाठ्यक्रम के रूप में उत्तीर्ण किया हो।

सन्दर्भ ग्रन्थ: हिंदी साहित्य का इतिहास

1	हिंदी साहित्य का सरल इतिहास	– विश्वनाथ त्रिपाठी
2	साहित्य और इतिहास दृष्टि	– मैनेजर पांडेय
3	साहित्य का इतिहास दर्शन	– डॉ0 नलिन विलोचन शर्मा
4	हिंदी साहित्य की भूमिका	– आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
5	हिंदी साहित्य का अतीत (भाग 1, 2)	– आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
6	हिंदी साहित्य का इतिहास	– आचार्य रामचंद्र शुक्ल
7	हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास	– आचार्य रामकुमार वर्मा
8	हिंदी साहित्य का इतिहास (नवीन संस्करण)	– डॉ0 नगेंद्र (संपा0)
9	हिंदी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास (दो खंड)	– डॉ0 गणपति चंद्र गुप्त
10	रासो विमर्श	– माता प्रसाद गुप्त
11	हिंदी साहित्य का इतिहास	– विजयेंद्र स्नातक
12	हिंदी साहित्य का प्रवृत्तिपरक इतिहास (खंड 1, 2)	– राम प्रसाद मिश्र
13	हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास	– डॉ0 बच्चन सिंह
14	हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास	– डॉ0 रामस्वरूप चतुर्वेदी
15	आधुनिक हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास	– डॉ0 बच्चन सिंह
16	आधुनिक हिंदी कविता	– डॉ0 हरदयाल
17	दक्खिनी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास	– डॉ0 इकबाल सिंह
18	हिंदी साहित्य की विश्वयात्रा	– सुरेश ऋतुपर्ण (संपा0)
19	हिंदी साहित्य का आदिकाल	– आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
20	हिंदी साहित्य के इतिहास की समस्याएँ	– डॉ0 अवधेश प्रधान
21	भारतीय साहित्य के इतिहास की समस्याएँ	– रामविलास शर्मा
22	आधुनिकता और हिंदी साहित्य	– इंद्रनाथ मदान
23	आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास	– डॉ0 बच्चन सिंह
24	हिंदी नवजागरण और संस्कृति	– शंभुनाथ
25	हिंदी वाङ्मय बीसवीं शती	– डॉ0 नगेंद्र (संपा0)
26	स्वातंत्र्योतर हिंदी साहित्य	– बेचन
27	हिंदी साहित्य का अतीत (भाग–1 व 2)	– विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
28	बीसवी शताब्दी का हिंदी साहित्य	– विजय मोहन सिंह
29	भारतीय साहित्य की भूमिका	– रामविलास शर्मा
30	आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियाँ	– डॉ० नामवर सिंह
31	छायावाद	– डॉ० नामवर सिंह
32	हिंदी साहित्य का वस्तुनिष्ठ इतिहास (तीन भाग)	– कुसुम राय
33	हिंदी उपन्यास का इतिहास	– गोपाल राय
34	हिंदी गद्य साहित्य	– डॉ० राम चंद्र तिवारी

कार्यक्रम / कक्षा : स्नातकोत्तर	वर्ष : प्रथम	सेमेस्टर : प्रथम
विषय : हिंदी		
पाठ्यक्रम कोड : A010702T	पाठ्यक्रम शीर्षक : **प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन काव्य**	(सैद्धांतिकी)

पाठ्यक्रम उद्देश्य : हिंदी के आदिकालीन काव्य की पृष्ठभूमि में अपभ्रंश का बड़ा योगदान है। आदिकालीन काव्य, प्रबंध, मुक्तक आदि अनेक काव्य रूपों में रचा गया है तथा इसकी अभिव्यंजना अपभ्रंश, अवहट्ठ तथा देशी भाषा में की गई है। परवर्ती काल के साहित्य का अध्ययन किए बिना इस काल के साहित्य का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता है। पूर्व मध्यकालीन (भक्तिकालीन) साहित्य लोक–जागरण और लोक–मंगल से परिपूरित था। इसने भारत की भावनात्मक एकता और सांस्कृतिक परम्परा को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। उस समय के साहित्य में भाषा तथा कला के सौन्दर्य को परखने तथा समाज और संस्कृति को जानने के लिए आदिकालीन व भक्तिकालीन कविता का अध्ययन आवश्यक है। (इस पाठ्यक्रम में रचनाओं के साथ–साथ, इस समयावधि के रचनाकर्म, उसकी विशिष्टताओं पर व्यापक चर्चा की जानी अपेक्षित है।)

पाठ्यक्रम परिणाम : 1. हिंदी साहित्य के महत्वपूर्ण कालखण्ड प्रारम्भिक काल एवं भक्तिकाल के प्रमुख कवियों की कालजयी रचनाओं से विद्यार्थी जीवन दृष्टि को समझ सकेंगे। 2. समाज में लोक मंगल एवं सामाजिक समरसता की चिंतन पद्धति भक्ति काल के कवियों में किस रूप में परिलक्षित होती है, यह भी ज्ञान इस पाठ्यक्रम में हो सकेगा।

क्रेडिट : 5	अनिवार्य पाठ्यक्रम
अधिकतम अंक : 30+70	न्यूनतम उत्तीर्ण अर्हता अंक : 36
कुल कक्षा व्याख्यान / ट्यूटोरियल / – (साप्ताहिक घंटे) व्या० / ट्यू० : 5–1	

खंड	विषय	कुल व्याख्यान संख्या : 75
प्रथम	पृथ्वीराज रासो – रेवा तट, संपादकः हजारी प्रसाद द्विवेदी एवं नामवर सिंह।	10
द्वितीय	कबीर ग्रंथावली – कबीर, संपादक, डॉ0 श्यामसुंदर दास–50 साखियाँ (प्रारंभिक) पद्मावत – मलिक मुहम्मद जायसी, संपादक–आचार्य रामचंद्र शुक्ल नागमति वियोग खंड।	20
तृतीय	सूरदास – भ्रमरगीत सार – संपादक – आचार्य रामचंद्र शुक्ल पद संख्या 21 से 70 तक।	20
चतुर्थ	तुलसीदास : रामचरितमानस, गीता प्रेस (उत्तरकांड के दोहा सं० 40 तक)	15
पंचम	द्रुतपाठ :– विद्यापति, अमीर खुसरो, नानक, गोरखनाथ, सहजोबाई, रैदास, नंददास, नामदेव।	10

व्याख्या	–	2 X 7.50	= 15 अंक
निबंधात्मक प्रश्न	–	2 X 15	= 30 अंक
लघु उत्तरीय प्रश्न	–	3 X 5	= 15 अंक
अति लघु उत्तरीय प्रश्न	–	10 X 1	= 10 अंक
योग			= 70 अंक

नोट 1 :– व्याख्याएं चंदबरदायी, कबीर, जायसी, सूरदास एवं तुलसीदास के चयनित काव्य में से पूछी जाएगी। निबंधात्मक प्रश्न उक्त कवियों पर आधारित होंगे।

2 :– लघु उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में तथा अति लघु उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर अधिकतम

100 शब्दों में लिखना होगा। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों में बहुविकल्पीय तथा सत्य–असत्य पर आधारित प्रश्न नहीं पूछे जाएंगे। 3 :– द्रुतपाठ के लिए चयनित रचनाकारों में से लघु उत्तरीय/अति लघुउत्तरीय प्रश्न पूछे जाएंगे, जो उनके जीवन परिचय तथा रचना से संबंधित सामान्य प्रश्न होंगे। निबंधात्मक प्रश्न द्रुतपाठ के लिए चयनित रचनाकारों में से नहीं पूछे जाएंगे।
शिक्षण अधिगम प्रक्रिया : कक्षा अध्यापन/विशिष्ट व्याख्यान/फिल्म एवं डाक्यूमेंटरी माध्यम का प्रयोग
1. डिजिटल तथा वेब लिंक : (web links)
अन्य विषयों के विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम को ऐच्छिक पाठ्यक्रम के रूप में अध्ययन कर सकते हैं।
मूल्यांकन प्रक्रिया : सेमिनार पत्र लेखन/प्रस्तुति, क्विज टेस्ट, आंतरिक लिखित परीक्षा
पाठ्यक्रम हेतु अर्हता : इन्टरमीडिएट तथा स्नातक स्तर पर हिंदी अनिवार्य पाठ्यक्रम के रूप में उत्तीर्ण किया हो।

सन्दर्भ ग्रन्थ: प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन काव्य

1	चंदबरदायी और उनका काव्य	– डॉ0 विपिन बिहारी त्रिवेदी
2	पृथ्वीराज रासो का अध्ययन	– डॉ0 विजय कुलश्रेष्ठ
3	पृथ्वीराज रासो की भाषा	– डॉ0 नामवर सिंह
4	कबीर	– हजारी प्रसाद द्विवेदी
5	कबीर : एक नई दृष्टि	– डॉ0 रघुवंश
6	कबीर का रहस्यवाद	– डॉ0 रामकुमार वर्मा
7	कबीर का रहस्यवाद	– आचार्य परशुराम चतुर्वेदी
8	जायसी ग्रंथावली	– आचार्य रामचंद्र शुक्ल (भूमिका भाग) (संपा0)
9	जायसी	– विजय देव नारायण साही
10	पद्मावत में लोक तत्व	– डॉ0 रवींद्र भ्रमर
11	सूर और उनका साहित्य	– डॉ0 हरवंशलाल शर्मा
12	सूर की काव्य कला	– मनमोहन गौतम
13	भ्रमरगीत सार (भूमिका भाग)	– आचार्य रामचंद्र शुक्ल
14	सूर की सांस्कृतिक चेतना और उनका युगबोध	– डॉ0 संतराम वैश्य
15	तुलसीदास	– आचार्य रामचंद्र शुक्ल
16	गोसाईं तुलसीदास	– आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
17	तुलसीदास और उनका युग	– डॉ0 राजपत दीक्षित
18	तुलसी काव्य मीमांसा	– डॉ0 उदय भानु सिंह
19	दोहा कोश	– राहुल सांकृत्यायन
20	सिद्ध साहित्य	– डॉ0 धर्मवीर भारती
21	सरहपा और कबीर	– कौशलेंद्र पांडे
22	विद्यापति	– डॉ0 शिवप्रसाद सिंह
23	विद्यापति	– डॉ0 आनंद प्रकाश दीक्षित
24	विद्यापति	– प्रो0 जनार्दन मिश्र
25	नंददास : जीवन और काव्य	– भवानी दत्त उप्रेती
26	नंददास उनका जीवन और काव्य	– सावित्री अवस्थी
27	युग प्रवर्तक संत गुरू रविदास	– पृथ्वी सिंह आजाद
28	संत रैदास : कृतित्व, जीवन और विचार	– योगेंद्र सिंह

29	रहीम और उनका काव्य	– डॉ0 देशराज सिंह भाटी
30	हिंदी के प्राचीन प्रतिनिधि कवि	– डॉ0 द्वारिका प्रसाद सक्सेना
31	हिंदी संत काव्यों में परंपरा और प्रयोग	– डॉ0 भगवान देव पांडेय
32	संतो राह दुऔ हम दीठा	– डॉ0 भगवान देव पांडेय (संपा0)
33	आदिकालीन हिंदी साहित्य शोध	– हरीश
34	कबीर एक अनुशीलन	– डॉ0 रामकुमार वर्मा
35	महाकवि तुलसीदास और युग संदर्भ	– भगीरथ मिश्र
36	कबीर	– विजयेंद्र स्नातक
37	अमीर खुसरो का हिंदी काव्य	– गोपीचंद नारंग
38	संत रैदास	– पद्मावती झुनझुनवाला
39	मीरा ग्रंथावली	– विद्या निवास मिश्र, गोविंद रजनीश (संपा0)
40	तुलसी संदर्भ	– डॉ0 नगेंद्र
41	भक्ति आंदोलन और सूरदास का काव्य	– प्रो0 मैनेजर पांडेय
42	तुलसी आधुनिक वातायन से	– रमेश कुंतल 'मेघ'
43	लोकवादी तुलसी	– विश्वनाथ त्रिपाठी

कार्यक्रम/कक्षा : स्नातकोत्तर	वर्ष : प्रथम	सेमेस्टर : प्रथम
विषय : हिंदी		
पाठ्यक्रम कोड : A010703T	पाठ्यक्रम शीर्षक : **शोध–प्रविधि और प्रक्रिया**	(सैद्धांतिकी)

पाठ्यक्रम उद्देश्य : शोध प्रविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को शोध करने हेतु प्रेरणा मिलेगी। साथ ही उन्हें शोध की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी मिल सकेगी। इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को शोध विषय को समझाने का प्रयास हुआ है। **शोध** द्वारा जीवन में नवोन्मेष संभव हो सकेगा।

पाठ्यक्रम परिणाम : 1. विद्यार्थी की विचारात्मक, विश्लेषणात्मक चिंतन प्रणाली शोध के आधार पर विकसित होगी। 2. शोध के नवीन संदर्भों के साथ हिंदी **और** तकनीक की जानकारी प्राप्त होगी। 3. शोध के विभिन्न क्षेत्रों में शोध की बढ़ती संभावनाओं का ज्ञान प्राप्त होगा।

क्रेडिट : 5	अनिवार्य पाठ्यक्रम
अधिकतम अंक : 30+70	न्यूनतम उत्तीर्ण अर्हता अंक : 36

कुल कक्षा व्याख्यान/ट्यूटोरियल/– (साप्ताहिक घंटे) व्या०/ट्यू० : 5–1

खंड	विषय	कुल व्याख्यान संख्या : 75
प्रथम	**शोध का स्वरूप : सैद्धांतिक पक्ष** क. शोध : व्युत्पत्ति, परिभाषा और स्वरूप ख. शोध : तत्व, क्षेत्र, दृष्टि ग. शोध के प्रयोजन घ. शोध और आलोचना	15
द्वितीय	**शोध के प्रकार** 1. साहित्यिक शोध : प्रकार, क्षेत्र एवं अवधारण 2 साहित्यिक शोध लेखन की प्रविधि 3. अन्तरविद्यावर्ती शोध (मनोवैज्ञानिक, समाजशास्त्रीय) अवधारणा एवं स्वरूप 4. पाठालोचन 5. लोक साहित्यिक शोध 6. तुलनात्मक शोध	15
तृतीय	**विषय चयन तथा शोध–प्रविधि** क. विषय चयन ख. शोध क्षेत्र तथा शोध दृष्टि के आधार पर विषयों के प्रकार ग. रूपरेखा निर्माण की वैज्ञानिक पद्धति घ. सामग्री संकलन की विभिन्न पद्धतियाँ	15
चतुर्थ	**संकलित सामग्री की उपयोग विधि** क. सामग्री का विभाजन (अध्याय, उपशीर्षक और अनुपात) ख. सामग्री संयोजन ग. उद्धरण तथा संदर्भोल्लेख घ. भूमिका, उपसंहार लेखन एवं परिशिष्ट	15
पंचम	**हिंदी कंप्यूटिंग** • कंप्यूटर : परिचय, रूपरेखा, उपयोग तथा क्षेत्र, वेब–पब्लिशिंग का परिचय। • इण्टरनेट सम्पर्क उपकरणों का परिचय, प्रकार्यात्मक रख–रखाव • वेब–पब्लिशिंग। • इण्टरनेट एक्सप्लोरर अथवा नेटस्केप। • लिंक, ब्राउजिंग, ई–मेल। • डिजीटल तकनीक	15

आवश्यक निर्देश :– परीक्षार्थी को उक्त पाँच खण्डों में से कुल पाँच प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक खण्ड से एक–एक प्रश्न करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक खण्ड में से कम से कम दो प्रश्न पूछे जाएंगे। अधिकतम दस प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

निबंधात्मक प्रश्न	3 X 13	=	39 अंक
लघु उत्तरीय प्रश्न	4 X 5	=	20 अंक
अति लघु उत्तरीय प्रश्न	11 X 1	=	11 अंक
योग		=	70 अंक

नोट 1 :– इकाई 01, 02 एवं 05 से निबंधात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे। इकाई 03 एवं 04 से व्याख्या एवं निबंधात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे।

2 :– लघु उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में तथा अति लघु उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में लिखना हेागा। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों में बहुविकल्पीय तथा सत्य–असत्य पर आधारित प्रश्न नहीं पूछे जाएंगे।

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया : कक्षा अध्यापन/विशिष्ट व्याख्यान/फिल्म एवं डाक्यूमेंटरी माध्यम का प्रयोग

1. डिजिटल तथा वेब लिंक : (web links)

अन्य विषयों के विद्यार्थी इस पाठ्यक्रम को ऐच्छिक पाठ्यक्रम के रूप में अध्ययन कर सकते हैं।

मूल्यांकन प्रक्रिया : सेमिनार पत्र लेखन/प्रस्तुति, क्विज टेस्ट, आंतरिक लिखित परीक्षा

पाठ्यक्रम हेतु अर्हता : इन्टरमीडिएट तथा स्नातक स्तर पर हिंदी अनिवार्य पाठ्यक्रम के रूप में उत्तीर्ण किया हो।

सन्दर्भ ग्रन्थ : शोध–प्रविधि और प्रक्रिया

1 अनुसंधान प्रविधि – डॉ० एस०एन० राय
2 अनुसंधान की प्रविधि एवं प्रक्रिया – डॉ० राजेन्द्र मिश्र
3 साहित्य अनुशीलन : विभिन्न दृष्टियाँ – डॉ० दया शंकर शुक्ल
4 रामकाव्य धारा : अनुसंधान एव अनुचिन्तक – भगवती प्रसाद सिंह
5 पाठ सम्पादन के सिद्धान्त – डॉ० कन्हैया सिंह
6 हिंदी पाठानुसंधान – डॉ० कन्हैया सिंह
7 अनुसंधान प्रविधि और प्रक्रिया – डॉ० मुध खराटे/डॉ० शिवाजी देवरे

कार्यक्रम / कक्षा : स्नातकोत्तर	वर्ष : प्रथम	सेमेस्टर : प्रथम
विषय : हिंदी		
पाठ्यक्रम कोड : A010704T	पाठ्यक्रम शीर्षक : **प्रयोजनमूलक हिंदी**	(सैद्धांतिकी)

पाठ्यक्रम उद्देश्य : आज हिंदी का प्रयोग साहित्य, सृजनात्मक लेखन के साथ–साथ कार्यालय, पत्रकारिता, कम्प्यूटर तथा अनुवाद के क्षेत्र में भी अधिकाधिक हो रहा है। कार्यालयी हिंदी की संरचना साहित्यिक हिंदी तथा सृजनात्मक हिंदी से अलग है। इसी तरह इन्टरनेट तथा अनुवाद में हिंदी का स्वरूप अलग है। हिंदी के इन विविध रूपों का अध्ययन करना हिंदी के आधुनिक स्वरूप को जानने, समझने के लिए आवश्यक है। इस प्रक्रिया में कार्यालयी हिंदी के औपचारिक लेखन के स्वरूप का अध्ययन अपेक्षित है, साथ ही, अनुवाद के विविध रूप, प्रक्रिया एवं प्रविधि तथा उनके क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी के लिए यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया है।

पाठ्यक्रम परिणाम : 1. विद्यार्थी हिंदी के प्रयोजनमूलक रूप तथा उसके कार्यालयी प्रयोग की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। 2. जनसंचार माध्यमों में हिंदी लेखन के स्वरूप से विद्यार्थी परिचित हो सकेंगे। 3. कम्प्यूटर में हिंदी के बढ़ते प्रयोग एवं उपयोगिता को समझ सकेंगे।

क्रेडिट : 5	अनिवार्य पाठ्यक्रम
अधिकतम अंक : 30+70	न्यूनतम उत्तीर्ण अर्हता अंक : 36

कुल कक्षा व्याख्यान / ट्यूटोरियल / – (साप्ताहिक घंटे) व्या० / ट्यू० : 5–1

खंड	विषय	कुल व्याख्यान संख्या : 75
प्रथम	**कामकाजी** हिंदी : हिंदी के विभिन्न रूप–सर्जनात्मक भाषा, संचार भाषा, राज भाषा, संपर्क भाषा, मातृभाषा, कार्यालयी हिंदी (राजभाषा) के प्रमुख प्रकार्य : प्रारूपण, पत्र लेखन, टिप्पण, संक्षेपण, पल्लवन।	15
द्वितीय	जनसंचार माध्यमों में हिंदी लेखन, रिपोर्ट–लेखन, संपादकीय, अग्रलेख, लघु टिप्पणियाँ।	15
